12/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET)-UG 2026 के आयोजन में कथित पेपर लीक के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग से मिली एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने NEET-UG परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के संबंध में एक FIR दर्ज की है। यह FIR आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, चोरी, सबूतों को नष्ट करने और 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024' के तहत आने वाले अपराधों के लिए दर्ज की गई है। NEET-UG 2026 परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा इस महीने की 3 तारीख को किया गया था।

0000000000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पंद्रह नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। उन्हें ये पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए गए। ये पुरस्कार पंजीकृत नर्सों, मिडवाइव्स, सहायक नर्स मिडवाइव्स और महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को प्रदान किए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर उन नर्सिंग

कर्मियों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि है, जो करूणा और सम्पूर्ण निष्ठा के साथ देश की सेवा करते हैं।

0000000000000000000000000000

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष बारह मई को दुनिया भर में नर्सों और स्वास्थ्य सेवा में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है – “Our Nurses. Our Future. Empowered Nurses Save Lives.” इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सभी नर्सों के प्रति उनकी समर्पण, करुणा और मानवता की निःस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है।

0000000000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हिमंता बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में डॉ. सरमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. सरमा के साथ चार विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें भाजपा से रामेश्वर तेली और अजंता नियोग, असम गण परिषद से अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से चरण बोरो शामिल हैं।

0000000000000000000000000000

गोल्डन जुबली मेधावी छात्र पुरस्कार 2024-25 के तहत डीडीएसई, पापुम पारे द्वारा आज यूपिया में एक सम्मान समारोह आयोजन करते हुए जिले के कक्षा तीन से बारह तक के शीर्ष तीन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न निजी, सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के कुल उनतीस विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। गोल्डन जुबली मेधावी छात्र पुरस्कार अरुणाचल प्रदेश स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

0000000000000000000000000000

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा है कि NCERT और CBSE ने संयुक्त रूप से कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर नई पाठ्यचर्या शुरू की है। इस पहल पर बोलते हुए श्री कुमार ने कहा कि यह पाठ्यक्रम पहले ही लागू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और स्कूल खुलने के बाद इन विषयों की पढ़ाई शुरू होगी।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि NCERT कक्षा 9, 10, 11 और 12 के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पाठ्यपुस्तकें भी विकसित कर रहा है।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला स्थित बुद्धा स्टेडियम में स्मार्ट पब्लिक इंफॉर्मेशन बोर्ड का उद्घाटन विधायक 4-दिरांग, फुरपा शेरिंग द्वारा सोमवार को किया गया। यह बोर्ड SBI बोमडिला द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) पहल के तहत प्रायोजित है। जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और सार्वजनिक संदेशों को डिजिटल माध्यम से प्रभावी रूप से प्रसारित करना है, जिससे जन जागरूकता और सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाया जा सके।

000000000000000000000000000

तवांग जिले में रेनबो ट्राउट मछली पालन की संभावनाओं पर एक परामर्श बैठक आज आयोजित की गई। यह बैठक ICAR - सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोल्डवाटर फिशरीज रिसर्च और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से NER Activity 2026-27 के अंतर्गत आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रेनबो ट्राउट मत्स्य पालन के विस्तार की संभावनाओं का आकलन कर क्षेत्र में कोल्डवाटर फिशरीज के आर्थिक लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

000000000000000000000000000

दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय शोधार्थी मंच (RGURSF) ने सोमवार शाम दिवंगत डॉ. चालक लोवांग को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। डॉ. लोवांग देरा नातुंग सरकारी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक थीं और वर्ष 2019-20 के दौरान RGURSF की उपाध्यक्ष भी रह चुकी थीं। वे विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश के टीसीएल क्षेत्र में उग्रवाद संबंधी मुद्दों पर अपने शोध कार्य के लिए व्यापक रूप से सम्मानित थीं।

0000000000000000000000000000